# न्यायालय जिला कलक्टर, झुंझुनूं

पीठासीन अधिकारी :– यू0डी0 खान
आई.ए.एस.

प्रथम अपील संख्या 203/2021

इमरान खत्री, प्रधानाध्यापक, रा0मा0विघालय शिवपुरा हाल स्थापित मार्फत हाजी मुख्त्यार हुसैन, कपडा व्यापारी, जुनैद मार्केट, फुटला बाजार, झुंझुनूं 333001 मो0न0 9413642787

बनाम

लोक सूचना अधिकारी ( अतिरिक्त जिला कलक्टर ) झुंझुनूं।

सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत प्रस्तुत प्रथम अपील

**आदेश**

दिनांक 25.10.2021

1. पत्रावली आज पेश हुई। प्रार्थी ( अपीलार्थी ) द्वारा यह प्रथम अपील प्रार्थना पत्र सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत दिनांक 27.09.2021 को प्राप्त होने पर प्रथम अपील मिसल नम्बर 203/2021 पर दिनांक 27.09.2021 को दर्ज की गई। अपीलार्थी द्वारा उक्त अपील लोक सूचना अधिकारी ( अतिरिक्त जिला कलक्टर ) झुंझुनूं के विरूद्व पेश की गई है।
2. अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र लोक सूचना अधिकारी ( अतिरिक्त जिला कलक्टर ) झुंझुनूं को प्रस्तुत कर आवेदन पत्र में वर्णित सूचना चाही गई।
3. लोक सूचना अधिकारी ( अतिरिक्त जिला कलक्टर ) झुंझुनूं से इस कार्यालय के पत्रांक पाठक/2021/3156–3157 दिनांक 27.09.2021 द्वारा तथ्यात्मक टिप्पणी चाही गयी थी।
4. लोक सूचना अधिकारी ( अतिरिक्त जिला कलक्टर ) झुंझुनूं ने पत्रांक एफ16( 4 )( 5 )न्याय/सू0अ0/21/1906 दिनांक 06.10.2021 द्वारा रिपोर्ट प्रस्तुत कर निवेदन किया कि अपीलार्थी इमरान खान प्रधानाध्यापक, रा0मा0विघालय शिवपुरा हाल स्थापित मार्फत हाजी मुख्त्यार हुसैन, कपडा व्यापारी, जुनैद मार्केट, फुटला बाजार, झुंझुनूं ने दिनांक 19.08.2021 को इस कार्यालय मे दो आवेदन प्रस्तुत कर सूचना उपलब्ध करवाने हेतु निवेदन किया है। अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना का संबंध प्रभारी अधिकारी निर्वाचन अनुभाग कलेक्ट्रेट, झुंझुनूं एवं जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक झुंझुनूं से होने के कारण इस कार्यालय के पत्र क्रमांक एफ16( 4 )( 5 )न्याय/सू0अ0/09/311 दिनांक 25.08.2021 द्वारा प्रभारी अधिकारी, निर्वाचन अनुभाग को नियमानुसार सूचना उपलब्ध करवाने हेतु पत्र भिजवाया गया एवं इस कार्यालय के पत्र क्रमांक एफ16( 4 )( 5 )न्याय/सू0अ0/09/313 दिनांक 25.08.2021 द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक झुंझुनूं को नियमानुसार अपीलार्थी को सूचना उपलब्ध कराने हेतु पत्र भिजवाया गया है। प्रभारी अधिकारी, निर्वाचन अनुभाग ने अपने पत्र क्रमांक 772 दिनांक 24.09.2021 मे अवगत करवाया कि प्रार्थी के द्वारा चाही गई सूचना का संबंध निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी मण्डावा ( उपखण्ड मजिस्ट्रेट ) मलसीसर से होने के कारण आवेदन पत्र सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 6 ( 3 ) के अन्तर्गत अन्तरित कर अपीलार्थी को सूचना उपलब्ध करवाने हेतु पत्र लिखा गया है एवं जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक झुंझुनूं ने अपने पत्र क्रमांक 443 दिनांक 21.09.2021 मे अपीलार्थी को सूचित करते हुए अवगत करवाया कि आपके द्वारा चाही गई सूचना की जांच श्रीमान् निदेशक महोदय बीकानेर को प्रेषित की जा चुकी है। अतः अपीलार्थी का प्रथम अपील का प्रार्थना पत्र खारीज किये जाने की कृपा करे।
5. अपीलार्थी सुनवाई हेतु उपस्थित नही।
6. लो0सू0अ0 ( अतिरिक्त जिला कलक्टर ) झुंझुनूं द्वारा उनके कार्यालय के पत्रांक एफ16( 4 )( 5 ) न्याय/सू0अ0/21/1906 दिनांक 06.10.2021 द्वारा रिपोर्ट प्रस्तुत कर निवेदन किया कि अपीलार्थी इमरान खान प्रधानाध्यापक, रा0मा0विघालय शिवपुरा हाल स्थापित मार्फत हाजी मुख्त्यार हुसैन,

जिला कलक्टर झुंझुनूं

कपडा व्यापारी, जुनैद मार्केट, फुटला बाजार, झुंझुनूं ने दिनांक 19.08.2021 को उनके कार्यालय मे दो आवेदन प्रस्तुत कर सूचना उपलब्ध करवाने हेतु निवेदन किया है। अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना का संबंध प्रभारी अधिकारी निर्वाचन अनुभाग कलेक्ट्रेट, झुंझुनूं एवं जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक झुंझुनूं से होने के कारण उनके कार्यालय के पत्र कमांक एफ16( 4 )( 5 )न्याय/सू0अ0/09/311 दिनांक 25.08.2021 द्वारा प्रभारी अधिकारी, निर्वाचन अनुभाग को नियमानुसार सूचना उपलब्ध करवाने हेतु पत्र भिजवाया गया एवं उनके कार्यालय के पत्र कमांक एफ16( 4 )( 5 )न्याय/सू0अ0/09/313 दिनांक 25.08.2021 द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक झुंझुनूं को नियमानुसार अपीलार्थी को सूचना उपलब्ध कराने हेतु पत्र भिजवाया गया है। प्रभारी अधिकारी, निर्वाचन अनुभाग ने अपने पत्र कमांक 772 दिनांक 24.09.2021 मे अवगत करवाया कि प्रार्थी के द्वारा चाही गई सूचना का संबंध निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी मण्डावा ( उपखण्ड मजिस्ट्रेट ) मलसीसर से होने के कारण आवेदन पत्र सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 6 ( 3 ) के अन्तर्गत अन्तरित कर अपीलार्थी को सूचना उपलब्ध करवाने हेतु पत्र लिखा गया है एवं जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक झुंझुनूं ने अपने पत्र कमांक 443 दिनांक 21.09.2021 मे अपीलार्थी को सूचित करते हुए अवगत करवाया कि आपके द्वारा चाही गई सूचना की जांच श्रीमान् निदेशक महोदय बीकानेर को प्रेषित की जा चुकी है। चूंकि अपीलार्थी को जिला शिक्षा अधिकारी, माध्यमिक, झुंझुनूं से संबंधित सूचना तो मिल चुकी है परन्तु निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी मण्डावा ( उपखण्ड मजिस्ट्रेट ) मलसीसर से संबंधित सूचना प्राप्त नही हुई है। अतः अपीलार्थी को प्रार्थना पत्र आंशिक रूप से स्वीकार किया जाकर आदेश दिये जाते है कि निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी मण्डावा ( उपखण्ड मजिस्ट्रेट ) मलसीसर अपीलार्थी को उसके द्वारा चाही गई सूचना 7 दिवस मे निःशुल्क उपलब्ध कराना सुनिश्चित करे।

7. अपीलार्थी को यह भी सूचित किया जाता है कि आप इसकी द्वितीय अपील माननीय राज्य सूचना आयोग जयपुर के यहां निर्धारित समयावधि में कर सकते है।

आदेश आज दिनांक 25.10.2021 को खुले न्यायालय में सुनाया गया।

( यू0डी0 खान )
जिला कलक्टर, झुंझुनूं
जिला कलक्टर झुन्झुनूं